an>

Title: Demand to increase the literacy rate among girls belonging to Saheria and Baiga Tribal castes.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ। अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं की आज के समय में जो शिक्षा दर है, वह 41.4 पर्सेंट है। इसमें सहेरिया और बैगा जनजाति की बेटियां हैं, उनका प्रतिशत, 15.9 प्रतिशत है। इस प्रतिशत को हमें बढ़ाने की आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करती हूं कि इनके प्रतिशत को बढ़ाया जाए और एक लक्ष्य को निर्धारित करते हुए, एक टार्गेट निर्धारित करते हुए इनके प्रतिशत को आने वाले समय में निश्चित ही बढ़ाया जाए।

माननीय सभापति :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती ज्योति धुर्वे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।